हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 9 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

12 दिनभर उमस से जूझते दिखाई दिए लोग, शाम को बरसात ने दी राहत

12 जिला प्रशासन ने शुरू की कावड़ यात्रा के लिए तैयारियां


## खबर संक्षेप

### फैमिली पेंशनर को एलटीसी का लाभ दिया जाए

**गोहाना।** हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज की जिला इकाई द्वारा मंगलवार को सेक्टर सात स्थित भगवान परशुराम आश्रम में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह दूहन व जिला सचिव ओमप्रकाश ने की। दूहन ने कहा कि कई प्रदेशों में सेवानिवृत्त कर्मियों को समय-समय पर पेंशन वृद्धि दी जा रही है। हरियाणा में भी सेवानिवृत्त कर्मियों को 65, 70 व 75 की आयु में पेंशन में 10, 15 व 20 फीसद की वृद्धि का लाभ दिया जाए। फैमिली पेंशनर को भी एलटीसी का लाभ दिया जाए। पेंशनर को आयकर मुक्त किया जाए। कोरोना काल का बकाया महंगाई भत्ता दिए जाए। सभी पेंशनर को कैशलेस मेडिकल सुविधा दी जाए।

### शिविर में 144 बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया

**गोहाना।** आयुष विभाग द्वारा गांव माहरा के राजकीय उच्च विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर में 144 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कुछ बच्चों में रक्त की कमी मिली तो कुछ की आंखों की रोशनी कमजोर मिली। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राम अवतार के निर्देश पर लगे शिविर में डा. सुरेश कुमार दुग्गल की टीम पहुंची। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे मोबाइल का अधिक प्रयोग न करें। खाने में हरी सब्जियां, दूध व सीजन के फल शामिल करें। आयुष योग सहायक बीरभान, प्रोमिला कौर, प्रमिला ने शिक्षकों व बच्चों को योगासन व प्राणायाम का अभ्यास करवाया।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने अवैध हथियार तस्करी की घटना में संलिप्त आरोपित को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जिला सोनीपत के शेखपुरा निवासी बन्टी पुत्र आनंद है। 7 जुलाई को क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम गांव खानपुर कलां में बस अड्डे पर मौजूद थी। तभी पुलिस टीम ने खुफिया जानकारी के आधार पर गांव कासंडा में पहुंची।

### बुजुर्ग महिला ने बहू पर लगाए गंभीर आरोप

**खरखौदा।** बुजुर्ग महिला ने अपनी बहू पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि उसकी बहू ने न केवल उसके खाने में जहर दे दिया, बल्कि उसके सिर पर डंडे मारकर उसका सिर फोड़ दिया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। एक बुजुर्ग महिला का कहना है कि उसकी बहू ने किसी लड़के से फोन पर बात करती है, जिसका पता चलने पर उसने उसे ऐसा करने से मना किया था। तीन जुलाई की सुबह वह खेत में चली गई, वापस लौटी तो बहू घर पर नहीं थी।

## दुकानों के बाहर रखे सामान और रेहड़ियां हटाई, दोबारा अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

# बहालगढ़ चौक पर चलाया अभियान अतिक्रमण के खिलाफ दिखाई सख्ती



सोनीपत। बहालगढ़ चौक पर अतिक्रमण हटाते ट्रैफिक पुलिस कर्मी।

पुलिस की कार्रवाई के बाद पहली बार लोगों को खुली सड़कें देखने को मिलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने और आमजन को जाम की परेशानी से निजात दिलाने के लिए सोनीपत ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को बहालगढ़ चौक पर अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर कब्जा जमाए दुकानदारों और रेहड़ी-फड़ी वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। यह विशेष अभियान पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक एवं क्राइम नरेंद्र कादयान के दिशा-निर्देश पर कार्यवाहक एसएचओ ट्रैफिक उप निरीक्षक जोगिंद्र की अगुवाई में चलाया गया। भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने सड़क किनारे रखे सामान, रेहड़ियों व अवैध पार्किंग को हटवाया और दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी। पुलिस की कार्रवाई के बाद पहली बार लोगों को खुली सड़कें देखने को मिलीं। अभियान के दौरान ऑटो चालकों को भी हिदायत दी गई कि वे अपने वाहन निर्धारित स्टैंड पर ही खड़ा करें। सड़क किनारे मनमाने तरीके से ऑटो खड़ा करने वालों के खिलाफ भी जल्द सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हड़कंप के बीच दुकानदारों ने समेटा सामान

जैसे ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, बहालगढ़ चौक और आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदारों ने आनन-फानन में अपने दुकानों के बाहर रखा सामान समेटना शुरू कर दिया। वहीं, सड़क पर रेहड़ी लगाने वाले भी अपने ठेले खिसकाते नजर आए।

### अतिक्रमण से बिगड़ रही थी व्यवस्था

एनएच-44 से सटे बहालगढ़ चौक पर वर्षों से सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा सामान फैलाना, रेहड़ियां लगवाना और अवैध रूप से किराया वसूलना आम बात बन चुकी थी। इसके चलते यहां रोजाना जाम की स्थिति बन जाती थी। ट्रैफिक बाधित होने से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिला राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

### जारी रहेगा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान : नरेंद्र

अतिक्रमण हटाने का यह अभियान सिर्फ एक शुरुआत है। भविष्य में शहर के अन्य हिस्सों में भी ऐसी ही कार्रवाई की जाएगी। जो दुकानदार या वाहन चालक दोबारा नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही व जुर्माना तय नियमों के अनुसार लगाया जाएगा।
-नरेंद्र कादयान, डीएसपी, ट्रैफिक



सोनीपत। सब्जी मंडी में पहुंचें मेयर राजीव जैन अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

## सब्जी मंडी में जलभराव की समस्या होगी खत्म, ऋषि कॉलोनी तक बनेगा नया नाला

- मेयर राजीव जैन ने दिए निर्देश, पानी जाएगा ड्रेन नंबर-6 में, जल्द बनेगा एस्टीमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बरसात के दौरान सब्जी मंडी और आसपास के इलाकों में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम मेयर राजीव जैन ने मंगलवार को बड़ा निर्णय लिया। उन्होंने ऋषि कॉलोनी तक एक नया नाला बनाने के निर्देश दिए हैं, जिससे बरसाती पानी की सुचारु निकासी की जा सके। मेयर राजीव जैन ने मंगलवार को कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग और पार्षद हरि सैनी के साथ मंडी क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने देखा कि सोनीपत अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के आसपास हर बार बारिश के बाद पानी भर जाता है, जिससे इलाके में कीचड़ और बदबू फैल जाती है। स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि बैंक के स्टाफ और ग्राहकों का आना-जाना भी दूभर हो जाता है। इस अवसर पर मेयर राजीव जैन का बैंक अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत भी किया गया।

### छोटा कुआं बना है नाकाफी

मौके पर मौजूद बैंक निदेशक अमित वर्मा और ललित जैन ने बताया कि मार्केटिंग बोर्ड ने यहां एक छोटा सा कुआं और मोटर लगाकर पानी निकालने की व्यवस्था की है, लेकिन इससे निकासी में कई-कई दिन लग जाते हैं। गंदगी और दुर्गंध के चलते बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। उन्होंने चिंता जताई कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो रिजर्व बैंक द्वारा बैंक की परमिशन तक रद्द की जा सकती है। इस पर मेयर राजीव जैन ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि सब्जी मंडी से ऋषि कॉलोनी तक स्थायी नाला बनाया जाए, जिसका पानी पुरखास अड्डे से होते हुए ड्रेन नंबर-6 में भेजा जाएगा। इसके लिए 2000 मिमी की बड़ी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग ने बताया कि जल्द ही इसका एस्टीमेट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी, ताकि आगामी बरसात से पहले समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके।

### रोडवेज बस की टक्कर से 17 वर्षीय युवक की मौत

**गन्नौर।** गाजियाबाद के लोनी से पानीपत जा रही कार को तेज रफ्तार हरियाणा रोडवेज की बस ने टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार मामा-भांजा गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान 17 वर्षीय वंश की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर स्वजन को सौंप दिया और बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। लोनी, गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश निवासी अरविंद ने बड़ी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सोमवार को अपनी कार से भांजे वंश को लेकर पानीपत बहन के घर जा रहा था। दोपहर में जब वे बड़ी गेट नंबर-2 के पास पहुंचे तो कुरुक्षेत्र डिपो की एक तेज रफ्तार बस ने उनकी कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## पानीपत कथित गैंगरेप मामला : गठित एसआईटी ने सोनीपत स्टेशन पर पहुंचकर रात भर की जांच



सोनीपत। रात व दिन के समय जांच करते हुए टीम के सदस्य व जीआरपी थाने के बाहर खड़े टीम के सदस्य।

- रात को स्टेशन पर रेलवे लाइन सहित आसपास के सीसीटीवी टीम ने खंगाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रेलवे स्टेशन पानीपत परिसर में गोदाम के पास खड़े रेल डिब्बे में कथित गैंगरेप मामले में जांच कर रही टीम के सदस्य देर रात सोनीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जहां टीम के सदस्यों ने रेलवे टरेक सहित आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली। मामले की जांच राजकीय रेलवे पुलिस की एसपी निकिता गहलोत के नेतृत्व में गठित टीम कर रही है। साथ ही पूरे मामले में अंबाला डीएसपी राजेश कुमार देख रहे है। वहीं मामला सोनीपत क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण टीम ने राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत में तैनात एसआई को जांच टीम में शामिल किया गया है।

बता दें कि पानीपत में अपने घर से बिना बताए निकली महिला ने रोहतक पीजीआई में पुलिस को दिए बयान में बताया कि गत दिनों पहले वह रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की एक कुर्सी पर बैठी थी। तभी एक युवक आता है और उसे बुलाकर ले जाता है, माल गोदाम के निकट खड़ी खाली ट्रेन में ले जाकर दुष्कर्म किया, इसके बाद तीन से चार युवक और पहुंचते हैं और सामूहिक दुष्कर्म करते हैं। वह भागने लगी तो उसका पैर केमिकल में पैर फिसल गया और रेल ट्रैक पर गिर गई। ट्रेन की चपेट में आने से उसका एक पैर कट गया।

### 20 से ज्यादा कैमरे खंगाले

मामले को एसआईटी का नेतृत्व अंबाला डीएसपी राजेश कुमार देख रहे है। एसआईटी ने महिला के मोहल्ले से लेकर पानीपत और सोनीपत रेलवे स्टेशन पर लगे 20 से अधिक सीसीटीवी की फुटेज खंगाली है। रात भर गठित टीमें सोनीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंची। जहां टरेक व आसपास के क्षेत्र में गहनता से जांच की। वहीं गन्नौर जीआरपी की महिला एएसआई नरेश कुमारी सहयोग करेंगी। पीड़िता के बयान पर घटना वाली शाम से लेकर रात तक रेलवे स्टेशन पर हुई प्रत्येक गतिविधियों को टीम ने जांच में शामिल किया है।

## बिना अनुमति के टाइल बिछाने पर पीडब्ल्यूडी ने दिया एचआरएल फूडस कंपनी को नोटिस

- विभाग ने टाईल हटाकर उसका खर्च भी कंपनी से वसुलने का दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सनपेड़ा रोड स्थित एचआरएल फूडस प्राईवेट लिं कम्पनी को सड़क एवं भवन निर्माण विभाग ने बिना अनुमति के सड़क के साथ में पीडब्ल्यूडी की जगह में आईबीआर टाईल्स लगाने पर नोटिस कर कार्रवाई के लिए ओदश दिए। कंपनी को दिए नोटिस में आदेश दिए है कि बिना अनुमति के कंपनी ने टाइल्स लगा दी है। विभाग द्वारा उन्हें हटाया जाएगा और हटाने का भी सारा खर्च कंपनी को देना पड़ेगा।

कंपनी ने कमर्शियल यूनिट स्थापित करने के लिए विभाग से कोई अनुमति भी नही ली है। जो जरूरी होती है। इसके अलावा 10 जनवरी 2017 के सरकारी आदेश अनुसार यनिट लगाने से पूर्व विभाग की स्वीकृति जरूरी है। नोटिस में आदेश दिया कि कंपनी को 3 दिन के अन्दर विभाग में सुनवाई के लिए आना पड़ेगा और विभागीय परमिशन व अन्य कागजात दिखाने पड़ेंगे। ज्ञात रहे कि कंपनी द्वारा सनपेड़ा रोड पर टाईल लगाने का काम किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना कि टाईल भी सड़क से ऊंवाई पर लगाई जा रही है।



गन्नौर। बिना विभागीय अनुमति के कंपनी द्वारा सड़क के साथ में बिछाई टाईल।

### नोटिस देकर कार्रवाई के आदेश दिए है : जेई

विभाग के जेई कपिल राठी ने बताया कि विभाग ने अवैध रूप से टाईल लगाने पर कंपनी को नोटिस देकर जवाब मांग है। विभाग द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अवैध रूप से लगी टाईलों को हटवा दिया जाएगा।

### स्लोप नीचे करके लगवाने की मिली थी अनुमति

एचआरएल फूडस प्राईवेट लिं कम्पनी कंपनी के मैनेजर शोभनाथ मिश्रा ने बताया कि कंपनी के बाहर पानी भरता था। विभाग ने उन्हें नोटिस दिया है तो वे विभाग के नियमों का पालन करेंगे। विभाग के समक्ष पेश होकर जो आदेश होगा, नियमनुसार कार्रवाई करेंगे, गलत कुछ नही करेंगे।

## कथूरा माइनर में टेल पर नहीं पहुंचता पानी

- चार गांवों के किसान पानी के लिए पिछले तीन महीने से कर रहे जद्दोजहद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कथूरा माइनर में गत अप्रैल के महीने से टेल पर पानी नहीं पहुंच रहा है। किसानों को उम्मीद रहती है कि माइनर में टेल पर पानी पहुंचेगा और वे अपनी फसलों की सिंचाई कर सकेंगे लेकिन पिछले तीन महीने से उनका यह इंतजार खत्म ही नहीं हुआ। फिलहाल की धान की रोपाई का सीजन चल रहा है और किसानों को पानी की सख्त जरूरत है।

गांव धनाना में काहनौर सब ब्रांच नहर से कथूरा माइनर की निकासी होती है। गांव कथूरा, छपरा, कैहल्पा और भंडेरी की सैकड़ों एकड़ भूमि की सिंचाई इसी माइनर के पानी पर निर्भर है। कैहल्पा निवासी किसान दिलबाग सिंह, वीरेंद्र, काला, पंडित सतपाल और नरेश के अनुसार बीते अप्रैल के महीने से इस माइनर में टेल पर पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में इन गांवों की सैकड़ों एकड़ भूमि की सिंचाई नहीं हो पाती है। सिंचाई के अभाव में खेतों में फसलों की पैदावार नहीं हो पा रही है। इस पूरे क्षेत्र में ट्यूबवेलों का पानी भी खराब है।



गोहाना। रोष व्यक्त करते हुए गांव कैहल्पा के ग्रामीण।

### नहर में पानी सप्लाई छोड़ी जाए

किसानों ने कहा कि काहनौर सब ब्रांच नहर में पानी की सप्लाई छोड़ी जाए। फिलहाल किसानों को पानी की सख्त जरूरत है। जब भी काहनौर सब ब्रांच नहर में पानी छोड़ा जाए तभी कथूरा माइनर में टेल पर पर्याप्त पानी पहुंचाया जाए।

### घरों में तीन-चार दिन में सप्लाई

ग्रामीणों के अनुसार कथूरा माइनर से ही गांवों में बने जल वितरण केंद्रों में पानी पहुंचाया गया है। इन केंद्रों से गांवों में घरों में पेयजल की सप्लाई होती है। माइनर में पानी के अभाव में जल वितरण केंद्रों में भी पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। जल वितरण केंद्रों में सरकार द्वारा गहरे नलकूप लगा रखे हैं। इनका पानी बहुत गर्म होता है और इस पानी की भी हर घर में तीन से चार दिन में सप्लाई पहुंचती है।

### बारातियों से मारपीट मामले में दुल्हन ने करवाया केस दर्ज

**गोहाना।** गांव खंदराई में शादी समारोह में दूल्हे और बारातियों से मारपीट के मामले में दुल्हन ने केस दर्ज करा दिया। उसने मौसेरे भाई, भाभी समेत कई अन्य लोगों पर आरोप लगाया, जिस पर मारपीट का केस दर्ज किया गया। महेंद्रगढ़ के अटेली मंडी के गांव ताजपुर के रोहन की रविवार को गांव खंदराई में बारात आई थी। उसकी गांव खंदराई की पुष्पा से शादी होनी थी। बारात में लगभग 30 बाराती शामिल थे। देर शाम को घुड़चढ़ी शुरू हुई। दूल्हा घोड़ी पर बैठा था और बाराती नाचते हुए आगे-आगे चल रहे थे। जब वे दुल्हन के घर से लगभग 50 मीटर दूर थे तो तीन गाड़ियों में 20-25 हमलावर आए। उन्होंने गाड़ियों से उतरकर बारातियों पर डंडे बरसाने शुरू कर दिए, जिससे अफरा-तफरी मच गई थी। दूल्हे के साथ उसके भाई सागर, उसकी बहन कामिनी को भी पीटा गया। गांव खंदराई का विशाल बचाव के लिए आया तो उस पर भी डंडे बरसाए थे। इसके बाद दूल्हे, उसकी बहन व भाई को अस्पताल ले जाना पड़ा था और शादी की रस्म बीच में रुक गई थी।

## संघर्ष से रची सफलता की नई कहानी

# पहले ही प्रयास में सीए में टॉपर रहे शुभम वर्मा

- शुभम ने अपनी इस सफलता के पीछे 12 से 14 घंटे की निरंतर पढ़ाई, सोशल मीडिया से दूरी और पूरी तरह आत्म-नियंत्रित दिनचर्या को वजह बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हार मानी नहीं, लड़ता रहा और आज चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर जिले में टॉप पर हूं। ये शब्द हैं देव नगर के रहने वाले शुभम वर्मा के, जिन्होंने कभी 11वीं कक्षा में असफलता का सामना किया था, लेकिन आज वह सीए की कठिन परीक्षा को पहले ही प्रयास में पास कर डिस्ट्रिक्ट टॉपर बने हैं। शुभम ने अपनी इस सफलता के पीछे 12 से 14 घंटे की निरंतर पढ़ाई, सोशल मीडिया से दूरी और पूरी तरह आत्म-नियंत्रित दिनचर्या को वजह बताया। उनका मानना है कि असफलता एक मोड़ हो सकती है, मंज़िल नहीं। शुभम ने कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और अपने सपनों की तरफ लगातार कदम बढ़ाते रहे। शुभम कहते हैं, यह सिर्फ एक डिग्री नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, आत्मानुशासन और परिवार के सहयोग की जीत है। वे अपने जैसे अन्य छात्रों को संदेश देते हैं - फेल होना अंत नहीं होता, अगर मन में आग हो, तो वहीं से एक नई शुरुआत होती है। आज शुभम वर्मा न सिर्फ एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, बल्कि वे हजारों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत भी बन गए हैं।

उनकी शैक्षणिक यात्रा शिवा शिक्षा सदन स्कूल (10वीं), हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल (12वीं) से शुरू हुई। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के राजधानी कॉलेज से बीकॉम (रेगुलर) की डिग्री प्राप्त की।

शुभम ने कुछ निजी कंपनी में आर्टिकलशिप शुरू कर इंडस्ट्री एक्सपोजर से अपने नजरिए को नया आयाम दिया। इस दौरान उन्होंने व्यावसायिक दुनिया की बारीकियों को नजदीक से समझा, जिससे उन्हें प्रोफेशनल विकास में विशेष मदद मिली।



सोनीपत। सीए में जिला टॉप करने वाले शुभम वर्मा।

### परिवार ने दिया पूरा साथ

इस उपलब्धि का श्रेय शुभम ने अपने माता-पिता राजेश वर्मा और प्रतिभा वर्मा को देते हैं, जिन्होंने हर कदम पर उन्हें नैतिक और आर्थिक रूप से संबल दिया। वहीं, उनकी बहन मुस्कान वर्मा ने हर परिस्थिति में उन्हें मानसिक बल और प्रेरणा दी। पिता राजेश वर्मा खानपुर स्थित महिला मेडिकल कॉलेज में टेक्निकल ऑफिसर हैं।



# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।

लाइफ Style

# शेफाली

## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुईं दीवानी

एजेंसी ⏭ मुंबई

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स' बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।

## टीवी मसाला



# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का



उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है। यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी।', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

### संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2 आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकार आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।



**आप जैसा कोई :** आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2 :** केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मलि इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टी: एक नई पहचान :** मिट्टी: एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

### कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

### ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।

***मुंबई।*** *'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होंगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*



### चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

### *ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात*

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*

## खबर संक्षेप

### प्रॉपर्टी आईडी का समाधान शिविर ढकोसला : कौशिक

**सोनीपत।** नगर निगम सोनीपत द्वारा प्रॉपर्टी आईडी सुधार के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविरों को कांग्रेस नेता अरुण कौशिक ने मात्र ढकोसला करार दिया है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में कोई भी वास्तविक समाधान नहीं मिल रहा, जबकि जनता महीनों से निगम के चक्कर काटकर परेशान है। अरुण कौशिक ने आरोप लगाया कि नगर निगम की लापरवाही और कार्यशैली के कारण अप्रूव्ड प्रॉपर्टी को 'अनअप्रूव्ड' दिखा दिया जाता है, और जब लोग ऑब्जेक्शन लगाते हैं, तो बार-बार नए आपत्तियां जोड़ दी जाती हैं, लेकिन हल कोई नहीं दिया जाता। इससे न सिर्फ जनता का समय और पैसा बर्बाद हो रहा है, लोग मानसिक रूप से भी परेशान हो चुके हैं।

### अधीक्षक अभियंता ने जताया समाधान का भरोसा

**सोनीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला कमेटी की बैठक मंगलवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के परिमंडल कार्यालय, गोहाना रोड स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज ने की। इस दौरान कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों को लेकर अधिकारियों के साथ गंभीर और तीखी चर्चा हुई। जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज ने बताया कि कर्मचारियों की कई मांगें लंबे समय से विभागीय कार्यालयों में लंबित हैं, जिनके समाधान के लिए यूनियन बार-बार अधिकारियों को मौखिक और लिखित रूप में ज्ञापन दे चुकी है।

### टेंडर वेरिफाई ना होने से निदेशालय ने किया फ्रीज

**गन्नौर।** नगरपालिका द्वारा शहर के सभी 17 वार्डों में 50-50 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य करने के लिए लगाए गए टेंडर फ्रीज हो गए हैं। एक्सईएन की तरफ से वेरिफाई न होने की वजह से लगाए गए सभी 17 टेंडरों को फ्रीज कर दिया गया है। जिस वजह से टेंडर प्रक्रिया फिर से रुक गई है। टेंडर प्रक्रिया रुकने के कारण वार्ड 15 की पार्षद शिवानी जैन ने एसडीएम प्रवेश कादियान को शिकायत दी है। पार्षद शिवानी जैन ने कहा कि नगरपालिका के सभी पार्षद लंबे समय यह टेंडर लगाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन नपा अधिकारी बार-बार किसी न किसी बहाने से टेंडर नहीं लगने दे रहे हैं। जिससे शहर के विकास कार्य नहीं हो पा रहे। उन्होंने एसडीएम से मामले में संज्ञान लेते हुए टेंडर लगवाने की मांग की है।

### खेल मंत्री ने गुलशन शर्मा को किया सम्मानित

**रोहतक।** खेल मंत्री गौरव गोतम ने वर्ल्ड मा.गेम में दो सिल्वर मेडल जीतने पर रोहतक निवासी गुलशन शर्मा को पंचकूला के सेक्टर 5 में स्थित पल्लवी में सम्मानित किया। इस मौके पर हरियाणा के अन्य जिलों के रहने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप हरियाणा एथलेटिक्स महासंघ के महासचिव राम किशोर शर्मा ने सभी खिलाड़ियों की उपलब्धियों के बारे में बताया और सरकार से उचित सहायता की मांग रखी। खेल मंत्री हरियाणा सरकार ने खिलाड़ियों उत्साह जज्बे की तारीफ की ओर उचित सहयोग का आश्वासन दिया।

# जिले के 23 कॉलेज में 13 हजार से अधिक सीटें, फिर भी 50% से ज्यादा खाली

## 12वीं पास विद्यार्थियों की संख्या कहीं अधिक, फिर भी एडमिशन को लेकर नहीं दिखा रहे रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




जिले में इस वर्ष करीब 22 हजार विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की, जिनमें हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड और सीबीएसई दोनों बोर्ड के छात्र शामिल हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिले के 23 राजकीय, निजी और एडिड कॉलेजों में उपलब्ध 13 हजार 562 सीटों में से 50 प्रतिशत से अधिक सीटें अभी भी खाली हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इतने बड़े आंकड़े के बावजूद विद्यार्थी दाखिले से कतराते क्यों नजर आ रहे हैं? महाविद्यालय प्रबंधन का मानना है कि विद्यार्थी अब पारंपरिक कॉलेज शिक्षा के बजाय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी या कोचिंग संस्थानों की ओर अधिक रुझान दिखा रहे हैं। वहीं कुछ विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए बड़े शहरों के नामी संस्थानों की ओर भी रुख कर रहे हैं। यही कारण है कि प्रथम और द्वितीय दोनों मेरिट सूची में नाम आने के बावजूद कई विद्यार्थी समय पर फीस जमा नहीं कर पाए। जिले के कॉलेजों के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती है बढ़ती रिक्त सीटों को भरना।

कॉलेज प्रबंधकों का कहना है कि विद्यार्थियों को जागरूक करना और शिक्षा की उपयोगिता समझाना समय की मांग है। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में कॉलेजों की उपस्थिति और अस्तित्व दोनों पर सवाल खड़े हो सकते हैं। **20 हजार से अधिक हैं विद्यार्थी:** जिले में इस वर्ष तकरीबन 20 हजार विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा की थी। इसमें 10 हजार 244 बच्चे तो हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से उतीर्ण हुए हैं। वहीं तकरीबन 9800 बच्चों ने सीबीएसई से परीक्षा उतीर्ण हुए थे। इस तरह से तकरीबन 20 हजार बच्चों ने परीक्षा पास की थी, इसमें कम्पार्टमेंट वाले बच्चों का आंकड़ा जोड़ दिया जाए तो बच्चों की कुल संख्या 22 हजार से अधिक हो सकती है।

### आईटीआई में भी 11 को जारी होगी दूसरी सूची

जिले की 12 आईटीआई में भी दाखिला प्रक्रिया चल रही है। जिसमें दूसरे चरण की दाखिला प्रक्रिया बुधवार से शुरू होगी। जिसके तहत शेष बची हुई सीटों की जारी की जाएगी। प्रथम चरण की दाखिला प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 11 जुलाई को दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी, जिसके तहत खाली सीटों पर योग्य विद्यार्थियों को दाखिले का मौका दिया जाएगा।

### फिर मिलेगा मौका, कल से खुलेगा पोर्टल

द्वितीय चरण की दाखिला प्रक्रिया 7 जुलाई को समाप्त हो गई है। इसके बाद 9 जुलाई को रिक्त सीटों की सूची जारी की जाएगी। उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा विद्यार्थियों को एक और अवसर प्रदान करते हुए 10 जुलाई को पोर्टल दोबारा खोला जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी 11 से 17 जुलाई तक 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद 18 से 24 जुलाई तक रोजाना 100 रुपये अतिरिक्त शुल्क के साथ दाखिला लिया जा सकेगा।

## नागरिक अस्पताल में मरीजों की परेशानी नहीं हो रही कम

# अव्यवस्था बनी परेशानी का सबब रजिस्ट्रेशन काउंटर पर नोक-झोंक

## प्रबंधन की तरफ से नहीं बढ़ाई जा रही काउंटर पर सीट

काउंटर कम होने के चलते मरीजों व मेडिकल बनवाने वालों को उठानी पड़ रही परेशानी,घंटों लाइन में खड़े होने पर मजबूर मरीज व आवेदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में रजिस्टर काउंटर के बाहर मरीजों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को अस्पताल में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब पंजीकरण काउंटर पर इलाज के लिए आए मरीजों, ग्रुप डी के चयनित युवाओं और मेडिकल जांच के लिए आए पुलिसकर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक के बाद झड़प हो गई। मामले प्रबंधन के संज्ञान में आया तो काउंटर के बार सिक्योरिटी गार्ड को तैनात किया गया। तब जाकर कुछ समय के लिए व्यवस्था ठीक से चल पाई।

बता कि नागरिक अस्पताल में मौजूदा समय में दो हजार से ज्यादा मरीजों की ओपीडी संख्या है। वहीं करीब एक सप्ताह से सर्वर डाउन होने के चलते समस्या ज्यादा बढ़ गई थी। पंजीकरण काउंटर कम होने के चलते लंबी लाइनें लगने लगती है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं है न ही कोई सुरक्षाकर्मी तैनात है। जिसके चलते स्थिति नियंत्रण किया जा सके। हाल में ग्रुप डी में चयनित युवाओं और मेडिकल के लिए आए पुलिस कर्मियों की जांच के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिससे सामान्य मरीजों को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सभी को एक ही लाइन में खड़ा किया जाता है, जिससे पंजीकरण काउंटर पर भीड़ और अव्यवस्था का माहौल बन जाता है। नागरिक अस्पताल में ओपीडी के साथ-साथ मौजूदा समय में 35 साल व 55 साल के होने पर पुलिस कर्मचारियों के मेडिकल करवाएं जा रहे है। वहीं हाल में ग्रुप डी में चयनित युवाओं के मेडिकल भी हो रहे है। साथ ही खेलों, लाइसेंसी हथियार बनवाने के लिए अलग से आवेदन अस्पताल में मेडिकल के आ रहे है। रजिस्ट्रेशन काउंटरों पर सुबह से मरीजों व आवेदकों की लंबी लाइन लगनी शुरू हो जाती है।




सोनीपत। काउंटर के सामने लंबी लाइनों में खड़े मरीज व उनके परिजन। फोटो :हरिभूमि

### सुरक्षाकर्मी तैनात करवाए

झड़प की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा गार्ड मौके पर पहुंचे और स्थिति को किसी तरह शांत कराया। पंजीकरण काउंटर पर सुरक्षाकर्मी तैनात करवा दिए गए हैं और काउंटर बढ़ाने को लेकर चर्चा चल रही है। मरीजों की सुविधाओं के लिए इस विषय पर भी कदम उठाया जाएगा ताकि मरीजों को राहत मिल सके। *डा. संदीप लठवाल, मीडिया प्रभारी नागरिक अस्पताल।*

# शिकायतों को लंबित न रखें अधिकारी तत्परता के साथ करें समाधान : एडीसी

- समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोमवार व गुरूवार को लगने वाले समाधान शिविर में अधिकारी स्वयं मौजूद रहे ताकि अधिकतर शिकायतों का समाधान मौके पर ही हो सके।

उन्होंने कहा कि समाधान शिविर आयोजित करने का यही उद्देश्य है कि लोगों को अपनी शिकायतें लेकर इधर-उधर न चक्कर लगाने पड़े उन्हें सभी अधिकारी एक जगह पर ही उपलब्ध हो जाए, जिससे उनकी शिकायतों को तुरंत समाधान हो सके। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने मंगलवार को लघु सचिवालय में बिजली, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के एक्सईएन लेवल के अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने एक-एक शिकायत की समीक्षा करते हुए स्पष्ट शब्दों में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपके पास जो भी पुरानी शिकायतें लंबित है उनका एक सप्ताह के अंदर समाधान करवाना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



गन्नौर। लव गुलिया पदक जीतने के बाद पदक लेते व कोच बधाई देते हुए।

### लव ने एशियन चैंपियनशिप में जीता कांस्य

**गन्नौर।** पुरखास गांव के अर्जुन अवार्डी पहलवान व डीएसपी रमेश गुलिया के बेटे लव गुलिया ने अंडर 15 में कैरजिस्थान में आयोजित एशियन चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर गांव का नाम देश व विदेश में रौशन किया है। पोते की उपलब्धि पर ग्रामीणों को गर्व है। कांग्रेस नेता राजेश पहलवान ने लव गुलिया की जीत पर गर्व महसुस करते हुए बताया कि जिस तरह से रमेश गुलिया ने अर्जुन अवार्ड लेकर अपने गांव का नाम रौशन किया था। आज उन्हीं के दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए पदक जीता है। लब के दादा बलवान गुलिया ने बताया कि लव को बचपन से ही कुश्ती का शोक था। अपने पिता के मार्गदर्शन में लव का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि वह अपने पिता की तरह नाम रौशन करेगा।

### हथियार के बल पर बाइक छीनने का लगाया आरोप

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में निजी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी ने पुलिस को शिकायत कर तीन युवकों पर हथियार के बल पर उसकी बाइक छीनने का आरोप लगाया। मामले को लेकर पुलिस ने जांच की तो मामला फेंक निकला। हालांकि पुलिस ने पीड़ित की शिकायत ली है। पुलिस मामले को लेकर हर पहलू पर जांच कर रही है। बढ़खालसा निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि वह निजी कंपनी में काम करता है। गत 5 जुलाई को किसी ने उसकी बाइक को 334बी फ्लाईओवर से हथियार के बल पर उससे छीन लिया। पीड़ित ने तीन युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस संबंध में जांच की। जांच अधिकारी नरेश ने बताया कि आरोपित कंपनी से निकालकर शराब के ठेके के पास पहुंचा था। जहां उसने शराब पी। उसके बाद होश नहीं आया। किसी ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया।

### समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

**गोहाना।** मंगलवार को बरोदा हलका से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रदीप सांगवान ने गोहाना में राजकीय महिला महाविद्यालय के समीप स्थित अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। प्रदीप सांगवान ने कहा कि वे हलका बरोदा को भाजपा विधायक की कमी महसूस नहीं होने देंगे। हलके के लोगों को सार्वजनिक कामों को लेकर केवल एक बार हुकम देना है। उसके बाद कामों को पूरा करवाने की जिम्मेवारी उनकी है। इस दौरान गांव रिंढाना के सरपंच चांद नरवाल ने गांव में स्थानक के समीप अवैध कब्जा छुड़वाने की बात कही। कोहला निवासी रमेश मान ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने और गांव मातंड के भीम सहरावत ने गंगेसर रजवाहे में पानी छोड़वाने की मांग की। प्रदीप सांगवान ने मौके पर ही अधिकारियों से बात करके लोगों को समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उनके साथ डॉ. राममेहर राठी, जगदीप सांगवान, रविन्द्र, रामभगत रंगा व सोनू उपस्थित रहे।



गोहाना। लोगों की समस्याएं सुनते प्रदीप सांगवान। फोटो : हरिभूमि



खरखौदा। सीएम का आभार जताते विधायक व अन्य प्रतिनिधि।

### मुख्यमंत्री का जताया आभार

**खरखौदा।** रोहतक मार्ग स्थित कन्या महाविद्यालय को सरकारी घोषित किए जाने पर शहर से एक प्रतिनिधि मंडल विधायक पवन खरखौदा की अगुवाई में चंडीगढ़ पहुंचा। जहां पर प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का मुंह मीठा कराकर इस घोषणा को लेकर उनका आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में क्षेत्रवासियों के साथ ही कालेज का स्टाफ भी शामिल रहा। मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर कहा कि यह निर्णय क्षेत्र की छात्राओं के भविष्य को नई दिशा देगा। विधायक ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र की जनता कन्या कालेज को सरकारी कराने की मांग कर रही थी। कालेज की छात्राओं को पहले उच्च शिक्षा के लिए रोहतक या सोनीपत का रुख करना पड़ता था। कन्या कालेज बनने पर स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा तो मिली, लेकिन इसके सरकारी न होने से यह महंगी थी।

### अपर्णा व अनुज ने जीते पदक

**खरखौदा।** चीन में 3 से 7 जुलाई तक आयोजित एशियन वुशु कप में प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों अपर्णा और अनुज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश, प्रदेश और अपने विद्यालय का नाम गौरव से ऊँचा किया। अपर्णा ने 48 किग्रा वर्ग में शानदार खेल दिखाते हुए गोल्ड मेडल जीता। जबकि अनुज ने 52 किग्रा वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। एयरपोर्ट पर इन दोनों विजेता खिलाड़ियों का भारतीय वुशु संघ के सी ओ सोहेल अहमद, द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया (खेल निदेशक, प्रताप स्कूल), एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, अपर्णा के पिता बिजेन्द्र व वुशु कोच विनोद गुलिया ने गर्मजोशी से स्वागत किया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि अपर्णा इससे पहले 4 बार इंटरनेशनल और 8 बार नेशनल मेडलिस्ट रह चुकी हैं। जबकि अनुज 3 इंटरनेशनल और 4 नेशनल मेडल अपने नाम कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि अब तक प्रताप स्कूल के खिलाड़ी 244 इंटरनेशनल व 1948 नेशनल मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं।



खरखौदा। खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन।



कॉलेज में पहुंचीं स्वाति धीमान के साथ स्कूल प्राचार्या एवं अन्य।

### स्वाति को 28 लाख की ग्रांट मिली

**सोनीपत।** लिटल एंजल्स स्कूल की पूर्व छात्रा स्वाति धीमान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा यूथ फोर क्लाइमेट ग्रांट प्रदान किया गया है। इस सम्मान के तहत स्वाति को 28 लाख की अंतर्राष्ट्रीय ग्रांट मिली, जो कि विद्यालय व सोनीपत वासियों के लिए बड़े गर्व की बात है। स्वाति धीमान एक जलवायु कार्यकर्ता, अभियंता और सामाजिक उद्यमी है जो पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर महत्त्वपूर्ण योगदान दे रही है। वे एक जलवायु तकनीक परियोजना की संस्थापक और प्रमुख हैं, जिनका उद्देश्य अफ्रीका ने बेनिन देश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल और अक्षय उर्जा जैसे सौर उर्जा को सुलभ कराना है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाली वे केवल चार भारतीयों में से एक हैं। स्वाति का शैक्षणिक और शोध सफर बेहद प्रेरक रहा है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और ए.आई. जैसे जटिल विषयों पर गहन शोध किया है। उनका यह शोध उन्हें रुस के नोवोसिब्रिस्क स्टेट यूनिवर्सिटी, इंटरनैशनल एटोमिक एनर्जी एजेंसी और भारत के प्रतिष्ठित आईआईटी बॉम्बे तक ले गया।

## कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद यात्रियों के लिए होगी उपलब्ध

# सोनीपत डिपो के बेड़े में चार नई बसें शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बस परिसर में खड़ी नई बसें। फोटो :हरिभूमि

जिले में रोडवेज की बेहत्तर सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार व रोडवेज विभाग प्रयासरत है। इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए बस अड्डा में मुख्यालय की तरफ से चार सामान्य बस भेज दी गई हैं। इससे यात्रियों को बेहतर परिवहन सेवा उपलब्ध होगी। नई बसें आने से यात्रियों का सफर आसान हो रहा है। नई बसों के शामिल होने से जहां एक ओर बसों का परिचालन बेहतर होगा, वहीं यात्रियों को नए रूटों की सुविधा मिलेगी। जिन रूटों पर यात्री अधिक है, उन रूटों पर रोडवेज बसों के फेरे भी बढ़ाएगा। इसके अलावा कुछ बसों का संचालन ग्रामीण बस सेवा के रूप में भी किया जाएगा। बता दें कि जिले में रोडवेज की 216 लॉरी एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश व गांव के रूटों पर दौड़ लगाकर लोगों के सफर को सुगम बनाती है। इनमें किलोमीटर स्कीम के तहत चलने वाली बसें, रोडवेज की बस, एसी बस और मिनी बसें भी शामिल हैं। वहीं शहर के भीतर लोगों को सुगम और प्रदूषण रहित यात्रा देने के लिए पांच ई-बसें चलाई जा रही हैं। ये बसें बस अड्डा से सिंघु बॉर्डर तक चल रही है, जो आस-पास के गांव में से होती हुई गुजरती है, जिससे लोगों को फायदा मिल रहा है। ई-बसों में लोगों को गर्मी के दिनों में एसी की सुविधा भी मिल रही है।रोडवेज के बेडे में जून में नौ सामान्य बसें व पांच एसी बसें पहुंची थी। सामान्य बसों का संचालन कर दिया गया है, जबकि एसी बसों की औपचारिकता पूरी की जा रही है।अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही एसी बसों का भी संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

### यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी

बेड़े में चार नई बसों को शामिल किया गया है। जिनकी कागजी प्रक्रिया को पूरी करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। कागज पूरे होने पर बसों को सड़कों पर उतारा जाएगा। ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। *-संजय कुमार, महाप्रबंधक सोनीपत डिपो।*



सोनीपत। नागरिक अस्पताल में भोजन वितरित करते क्लब पदाधिकारी।

### क्लब ने मरीजों को करवाया भोजन

**सोनीपत।** इनरव्हील क्लब स्वर्ण सोनीपत द्वारा मंगलवार को नागरिक अस्पताल में मरीजों को भोजन वितरित किया गया। इस सेवा कार्य में क्लब की सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मरीजों को स्नेहपूर्वक पौष्टिक भोजन प्रदान किया। इस अवसर पर क्लब की प्रधान विभा कुमार, उपप्रधान उषा भंडारी, सचिव मंजू छिकारा, पुष्पा भूटानी, निर्मला शर्मा, सुनीला, रोशनी राठी, शालू त्यागी, संतोष तनेजा और सुशीला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। सभी ने एकजुट होकर सेवा कार्य को सफल बनाया। इस सेवा कार्यक्रम में क्लब की सदस्य शालू त्यागी की विशेष भूमिका रही। क्लब की प्रधान विभा कुमार ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य क्लब की नियमित गतिविधियों का हिस्सा हैं और भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे ताकि समाज के जरूरतमंदों को सहयोग मिलता रहे।

### कुलगुरु से मिले नवांगतुक शोधार्थी

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलगुरु प्रो. श्रीप्रकाश ने नवांगतुक विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस दौरान कुलगुरु प्रो. सिंह ने कहा कि अगर शोधार्थी को शोध के समय किसी भी प्रकार की परेशानी आ रही है तो वे उनसे मिलकर अपनी समस्या का तुरंत निराकरण करा सकते हैं। कुलगुरु प्रो. सिंह ने नवागंतुक शोधार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे शोध की गुणवत्ता पर ध्यान दें।

### सूचना

मैं, धर्मपाल पुत्र भुण्डू निवासी गांव गामड़ी, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुधीर व पुत्रवधु कीर्ति देवी मेरे और मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं, इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग को बहलाकर लेकर जाने वाला काबू

**सोनीपत।** राई थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला कर भगा ले जाने व धमकी देने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हंसराज निवासी सीतापुर उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

उत्तर प्रदेश हाल में राई थाना निवासी एक व्यक्ति ने गत 5 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह ड्यूटी से घर आया तो उसकी बहन घर पर नहीं मिली।

### अलग-अलग स्थानों से युवतियां लापता

**सोनीपत।** कुंडली व सदर थाना क्षेत्र से अलग-अलग स्थानों से दो महिलाओं सहित युवती के लापता होने के आरोप के मामले सामने आए है। परिजनों ने मामले को लेकर संबंध में थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से दो महिलाएं व एक युवती के लापता होने की शिकायत कुंडली व सदर थानों में दर्ज की गई है।

### निर्माणाधीन मकान से पानी की मोटर चोरी

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मसद मोहल्ला में स्थित निर्माणाधीन मकान से पानी की मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

### प्रबंध निदेशक मुकुल ने मंडी का किया दौरा

**गन्नौर।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी गन्नौर के प्रस्तावित दौरे के चलते प्रबंध निदेशक मुकुल कुमार ने मंगलवार को मंडी का दौरा किया। इस अवसर पर उपायुक्त सुशील सारवान व एसडीएम प्रवेश कादियान भी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने मंडी के आला अधिकारियों के साथ बातचीत कर विभिन्न तैयारियों का जायजा भी लिया। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर विभिन्न प्रकार की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की।

### जीत अस्पताल में रक्तदान शिविर 10 को

**गोहाना।** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में गोहाना में पार्क रोड पर पुराने बस अड्डे के समीप स्थित जीत अस्पताल में 10 जुलाई को रक्तदान शिविर आयोजित होगा। शिविर जीत पैथ लैब द्वारा आयोजित किया जाएगा।

शिविर के मुख्य अतिथि डॉ. आदित्य बत्तरा होंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. शिवम नरवाल, डॉ. कपूर नरवाल, मोहित मलिक और गांव भैंसवाल कलां के सरपंच संदीप मलिक होंगे। अध्यक्षता डॉ. जगविंद्र सिंह मोर करेंगे। शिविर में पीजीआई रोहतक की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंचेगी। रक्तदान शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर बाद 2 बजे तक वातानुकूलित बस में लगेगा।

## आसमान में छाई काली घटाएं, तेज हवाओं संग हुई बारिश, तापमान में गिरावट

# दिनभर उमस से जूझते दिखाई दिए लोग, शाम को बरसात ने दी राहत

### मौसम वैज्ञानिक डॉ. प्रेमदीप बोले, कल तक गरज-चमक के साथ जारी रह सकती है वर्षा

**बारिश के बीच गंतव्य की ओर जाते हुए वाहन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिलेवासियों को मंगलवार को दिनभर गर्मी और उमस ने बेहाल कर दिया। तेज धूप और ठहरी हुई गर्म हवा के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लेकिन शाम करीब 5 बजे के बाद मौसम ने करवट ली और काले बादलों की घनी परतों के साथ अचानक तेज हवाएं चलने लगीं। कुछ ही देर में हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई जो देखते ही देखते मध्यम बारिश में तब्दील हो गई।

बारिश के साथ-साथ मौसम में ठंडक घुल गई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इससे दिनभर उमस और चिपचिपी गर्मी से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने खुले माहौल में सांस ली और कई जगहों पर लोग बारिश का लुत्फ उठाते नजर आए। बारिश के बाद कुछ निचले क्षेत्रों जैसे कि बड़ा बाजार, रेलवे रोड, रामनगर और देवी लाल चौक के आसपास के हिस्सों में अस्थायी जलभराव की स्थिति बन गई। हालांकि देर शाम तक अधिकांश जगहों पर पानी की निकासी सामान्य हो गई थी।

#### बदलते मौसम को लेकर सतर्क रहने की सलाह

मौसम वैज्ञानिक डॉ. प्रेमदीप के अनुसार, क्षेत्र में सक्रिय मानसूनी सिस्टम के कारण 10 जुलाई तक गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। इस दौरान कुछ जगहों पर तेज हवाएं और धूल भरी आंधी भी चल सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी है।

#### मौसम रहा सुहावना

*मंगलवार को दोपहर तक अधिकतम तापमान करीब 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जबकि हवा में नमी का स्तर अधिक होने के कारण उमस काफी ज्यादा महसूस की गई। कार्यालयों, बाजारों और घरों में लोग पंखे-कूलर से भी राहत महसूस नहीं कर पा रहे थे। लेकिन शाम की बारिश ने तापमान में गिरावट लाकर राहत दी। तापमान करीब 4 से 5 डिग्री तक घट गया, जिससे रात तक मौसम सुहावना बना रहा।*

## एचएसवीपी की जल और सीवरेज व्यवस्था ठप करने की दी चेतावनी



**सोनीपत।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के कार्यालय पर ज्ञापन सौंपतेय हुए यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

- कच्चे कर्मचारियों की सेवा बहाली व वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एचएसवीपी (हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण) सोनीपत में वर्षों से कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कार्यरत 84 कच्चे कर्मचारियों की सेवा अप्रूवल 30 जून को समाप्त हो चुकी है। इस मुद्दे को लेकर सोमवार को हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले कर्मचारियों ने रोष मार्च निकालकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि इस विषय में कई बार एचएसवीपी अधिकारियों, कौशल रोजगार निगम, एचआरडी विभाग तथा जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री तक भी ज्ञापन भेजा गया है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इस मौके पर मंच के महासचिव आरके नागर, प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर नागर व प्रदेश प्रेस सचिव टीनू मदान के नेतृत्व में 14-15 सेक्टर की डिवाइडिंग रोड से जुलूस निकालकर सेक्टर 15 स्थित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कार्यालय पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 16 जुलाई 2025 से पहले मांगें नहीं मानी गईं तो वे एचएसवीपी की जल व सीवरेज सेवाएं बंद कर हड़ताल पर चले जाएंगे।

#### प्रमुख मांगे

- *कर्मचारियों की सेवा अप्रूवल 1 जुलाई 2025 से एक वर्ष के लिए दी जाए*
- *कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित की जाए*
- *मासिक वेतन 26000 किया जाए*
- *कैशलेस मेडिकल सुविधा दी जाए*
- *ठेकेदारी प्रथा समाप्त कर पहचान पत्र जारी किए जाएं।*

## डीपीसी व कच्चे रास्तों पर चला बुलडोजर

- अवैध कॉलोनियों का निर्माण करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना में राजस्व भूमि पर अवैध कालोनी विकसित करने के लिए बनाई गई डीपीसी व कच्चे रास्तों पर मंगलवार को बुलडोजर चला दिया। बुलडोजर से डीपीसी व कच्चे रास्तों को ध्वस्त कर दिया गया। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि जिले में पनप रही अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए जिला उपायुक्त के निर्देश पर प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को गांव नगर की राजस्व भूमि पर खरखौदा-गोहाना मार्ग पर 2 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में 7 डीपीसी व कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा गोहाना बाइपास पर 3.5 एकड़ पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में डब्लयूबीएम रोड, डिमार्केशन, 5 डीपीसी व सीवर नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। डीटीपी अजमेर सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई जाती हैं।



**गोहाना।** बुलडोजर से डीपीसी व कच्चे रास्तों को ध्वस्त करते हुए विभाग की टीम।

#### अवैध निर्माण की अनुमति नहीं

*डीटीपी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी अवैध निर्माण/कॉलोनी के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिले के सभी क्षेत्रों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी विकसित करता पाया गया तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।*

## लोगों को बांटे जाएंगे नि:शुल्क चश्मे

**सोनीपत।** राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टि दोष नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में 11 जुलाई से उज्जवल दृष्टि हरियाणा अभियान की शुरुआत की जाएगी। इस अभियान के माध्यम से 40 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की आंखों की जांच की जाएगी और जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मे वितरित किए जाएंगे। अभियान की अगुवाई जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना करेंगी। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि यह स्वास्थ्य विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य जिले में दृष्टिहीनता की समस्या को जड़ से समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ लोगों की आंखों की जांच की जा रही है, जिन लोगों को चश्मों की आवश्यकता है, उन्हें चिन्हित किया जा रहा है और योजना के तहत चश्मे वितरित किए जाएंगे। इस अभियान के तहत बच्चों की आंखों की जांच भी की जाएगी, ताकि उन्हें समय रहते उचित दृष्टि सुधार मिल सके और उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आए।

## गंदे पानी में चारपाई डालकर जताया विरोध

- नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं ग्रामीण, सरकार से स्थायी समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव जाहरी में जलनिकासी की बदहाल व्यवस्था के विरोध में सोमवार को जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने ग्रामीणों के साथ अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने गांव की गलियों में भरे गंदे पानी के बीच चारपाई और कुर्सी लगाकर धरना दिया और प्रशासन व सरकार को कठघरे में खड़ा किया। प्रदर्शन के दौरान जिला पार्षद ने कहा कि हरियाणा सरकार एक ओर गांवों को सशक्त और स्वच्छ बनाने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर गांवों की सच्चाई बदहाल जलनिकासी व्यवस्था से उजागर हो रही है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में गलियों और कई घरों में पानी घुस चुका है, जिससे ग्रामीणों को नरकीय जीवन जीना पड़ रहा है।

संजय बड़वासनिया ने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द जहरी गांव में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था की जाए और पंचायत को तकनीकी व आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार हर बार वादे तो करती है, पर धरातल पर कोई स्थायी कार्य नहीं किया जाता। गांव में नालियों की सफाई भी महीनों से नहीं हुई, जिससे जलभराव की स्थिति और बिगड़ गई है। उन्होंने अधिकारियों से मांग की कि जिन गांवों में नालियों की सफाई नहीं हुई है, वहां तुरंत सफाई अभियान चलाया जाए। इसके साथ ही पीने के पानी के नलों की नियमित सफाई की भी व्यवस्था हो ताकि लोगों को बीमारियों से बचाया जा सके।



**सोनीपत।** गंदे पानी में चारपाई डालकर विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण साथ में जिला पार्षद। फोटो : हरिभूमि



**गोहाना।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## शेर सिंह स्कूल में मनाया वन महोत्सव

**गोहाना।** गोहाना में सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव मनाया गया। समारोह में गुरु और शिष्यों ने विद्यालय के परिसर में पौधारोपण करके पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया। अध्यक्षता प्राचार्य कुलदीप देशवाल ने की। स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रहा है। यह समस्या कम होने की बजाए दिनोंदिन बढ़ती जा रही है जो पृथ्वी पर जीवन पर खतरे के बड़े संकेत हैं। ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। समारोह में विद्यार्थियों को औषधीय पौधों की जानकारी भी दी गई। समारोह में कक्षा 9वीं से देव, हर्षिता, देवेंद्र, शिवानी, यश, जतिन, हनी, सोफिया और साकेत ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कक्षा 10वीं से नैंसी और हर्षिता ने मंच संचालन किया। कक्षा छठी की छात्रा हिमांशी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सुमित रोहिल्ला, जगमोहन, पूजा, कुसुम सैनी, सादमा, पूनम आर्या और विशाल डागर मौजूद रहे।

## पार्टी से ज्यादा लोग जुड़ने पर ही संगठन की मजबूती संभव : देवेन्द्र कादियान

- हलकाध्यक्ष सियान्नद त्यागी के नेतृत्व में लोगों ने की पार्टी की सदस्यता ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जननायक जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व अभियान के प्रभारी देवेन्द्र कादियान ने किया। अभियान के दौरान बेगा, पीरगड़ी, खेड़ीतगा, घसौली, शाहपुर तगा, भाखरपुर, गूमड़, शेखपूरा में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कादियान ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती तभी संभव है जब अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ें। यह अभियान हमारे विचारों और नीतियों को आम जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। जजपा नेता अशोक सरोहा ने कहा कि पूरे हरियाणा प्रदेश में सदस्यता अभियान चला हुआ है, जिसका नेतृत्व राष्टीय अध्यक्ष अजय चौटाला कर रहे है। उन्होंने कहा दुष्यंत चौटाला हरियाणा की राजनीति में युवाओं की आवाज बनकर उभरे है और आने वाले समय में उनकी नीतियां किसानों के लिए हितकारी रहने है व सदस्यता अभियान उद्देश्य मात्र संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं को जोड़ना है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। इस मौके पर अनिल सरोहा,पूर्व चेयरमैन लालमण त्यागी, महसिंह, सतबीर, सुरेन्द्र सरपंच, नरेंद्र, नरेश प्रजापत, बालसिस्ट त्यागी, करण सिंह, सुभाष ,संजीव, लालचंद शर्मा, रामनिवास कश्यप आदि मौजूद थे।



**गन्नौर।** अभियान प्रभारी देवेन्द्र कादियान, हलकाध्यक्ष सियान्नद त्यागी शामिल होने पर सदस्यता पत्र देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## ई-रिक्शा चालकों की मनमानी, जहां दिखी सवारी, वहीं रोकी गाड़ी, लोग परेशान

- जीटी रोड से शहर में एंट्री करते समय ई रिक्शा की अवैध पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर में ई-रिक्शाओं की बढ़ती संख्या व उनके द्वारा अवैध पार्किंग करने की समस्या आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। खासकर शहर के अति व्यस्ततम रेलवे रोड पर परेशानी बढ़ रही है। इसका कारण ट्रैफिक सिस्टम बिगाड़ रहे ई-रिक्शा चालकों की मनमानी दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। इनके खिलाफ कभी कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती है। इन्हें न चौक-चौराहे पर खड़े ट्रैफिक पुलिस का डर है और न पुलिस प्रशासन का। इनकी मनमानी का स्तर इतना ज्यादा है कि ई-रिक्शा चालकों को जहां सवारी नजर आती है, ये बिना आगे-पीछे देखे ई-रिक्शा रोक देते हैं। इसके कारण प्राय जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।



#### जिम्मेदार कार्रवाई करें तो होगा नियमों का पालन : शहरवासी

*शहरवासी विकास, सुनील, सुमित आदि का कहना है कि यातायात के नियमों का पालन यदि पुलिस द्वारा शहर के ई-रिक्शा और ऑटो चालकों को कराया जाए, तो शहर की यातायात व्यवस्था सुधर सकती है। पैदल चल रहे राहगीरों को आवाज लगाते हुए बीच सड़क ही ई-रिक्शा व ऑटो चालक अपने वाहन खड़ा कर देते है, जिससे हादसे के भय के साथ कई बार जाम लग जाता है। राहगीर और दो पहिया वाहन चालक इस बात को लेकर परेशान रहते हैं।*

## निजी स्कूल बस चालक ने 16 वर्षीय छात्रा को बनाया हवस का शिकार

- पीड़िता ने मामले को लेकर अपनी दादी को करवाया अवगत
- बुजुर्ग महिला के बयान पर आरोपित बस चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

हरिभूमि नयूज ▶▶| सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र में निजी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। दुष्कर्म का आरोप बस चालक पर लगा है। छात्रा की दादी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी पोती क्षेत्र के निजी स्कूल में पढ़ती है। वह घर से स्कूल आने-जाने के लिए बस में आती-जाती है। उसकी पोती ने सोमवार को बताया कि बस चालक उसे किसी अंजान कमरे पर लेकर गया। जहां उसके साथ गलत काम किया। किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वारदात के बाद से आरोपित फरार है। आरोपित की तलाश के लिए पुलिस टीम आरोपित की तलाश कर रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**चर्चा** पुलिस आयुक्त व उपायुक्त ने की लघु सचिवालय में अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर बैठक

# जिला प्रशासन ने शुरू की कावड़ यात्रा के लिए तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

श्रावण मास के दौरान 11 जुलाई से 23 जुलाई तक होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन और सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को लघु सचिवालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस आयुक्त ममता सिंह और उपायुक्त सुशील सारवान ने की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए पुलिस विभाग सहित अन्य सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करना होगा। उपायुक्त सुशील सारवान ने यात्रा मार्ग पर सभी वाहनों व उनके चालकों के सत्यापन की अनिवार्यता पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी वाहन चालक द्वारा नशा न किया जाए और वाहन में लगाई गई कांवड़ की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुसार हो। साथ ही डीजे की ध्वनि सीमा से अधिक न हो, इस पर भी निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि शिविर लगाने वाली संस्थाएं यह सुनिश्चित करें कि उनके शिविरों में प्राथमिक उपचार, बिजली उपकरण, अग्निशमन यंत्र, स्वच्छ पानी, शौचालय और मानक खाद्य सामग्री की व्यवस्था हो। शिविर सड़क से कम से कम 50 मीटर अंदर हों और शराब की दुकानें शिविर के आसपास न हों। साथ ही शिविर कांवड़ रूट की विपरीत दिशा में न हो ताकि श्रद्धालुओं को रोड पार करने की आवश्यकता न पड़े। समीक्षा बैठक में एडीसी लक्षित सरीन, डीसीपी प्रबिना पी, डीसीपी नरेंद्र कुमार, डीसीपी कुशल सिंह, एसडीएम अंजली श्रोत्रिय, एसडीएम सुभाष चंद्र, एसडीएम निर्मल नागर, एसडीएम प्रवेश कादियान, नगराधीश डॉ. अनमोल, सभी एसीपी और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




**सोनीपत।** बैठक करते हुए अधिकारीगण।

#### पुलिस आयुक्त ने ये दिए निर्देश

पुलिस आयुक्त ने कहा कि यात्रा के दौरान शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए और तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों के चालान किए जाएं। उन्होंने वाहन चालकों को अपनी लेन में सुरक्षित ड्राइविंग करने की अपील की और लेन बदलते समय विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस पेट्रोलिंग टीमों को सतत गश्त पर रखा जाए और एनएच-334बी, जीटी रोड, केएमपी और सोनीपत-गोहाना रोड जैसे मुख्य मार्गों पर यात्रा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाए।